This question paper contains 4 printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : 4260

Unique Paper Code : 205341 C

Name of the Paper : प्रश्नपत्र 11 : आधुनिक भारतीय भाषा : हिंदी 'ग' (MIL HINDI-C)

(प्रवेश-वर्ष 2011 और तत्पश्चात्)

Name of the Course : **B.A. (Prog.) Hindi**

Semester : **III**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

(इस प्रश्न–पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए ।

1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

मुद्दआ यह कि जहाँ जाएँ, जिधर जाएँ, जहाँ रहें, जैसे रहें इन विज्ञापनों की लपेट से नहीं बचा जा सकता। घर में बन्द होकर बैठ जाएँ, विज्ञापन रोशनदानों के रास्ते हवा में तैरते आते हैं। क्या आपने दाँत साफ किए हैं ? सवेरे उठते ही सबसे पहले क्लोरोफिल वाले टूथपेस्ट से दाँत साफ कीजिए। याद रखिए, अपने दाँतों को रोगों से बचाने के लिए यही एक साधन है। .... घर से निकलिए, हर दोराहे, चौराहे और सड़क के खम्भे पर विज्ञापन। खतरे से सावधान – धोखे से बचिए। इसके पढ़ने से बहुतों का भला होगा। अखबार उठा लीजिए, विज्ञापन। पुस्तक उठा लीजिए, विज्ञापन। बस में बैठ जाइए, विज्ञापन। क्या आपका दिल कमजोर है ? क्या आपका जिस्म टूटता रहता है ? क्या आपके सिर के बाल झड़ रहे हैं ? क्या आपके घर में झगड़ा रहता है ? गोया आपकी व्यक्तिगत ज़िन्दगी बिल्कुल व्यक्तिगत नहीं है, उसे केवल इन विज्ञापनदाताओं के परामर्श से ही जिया जा सकता है।

(क) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है और इसके लेखक का क्या नाम है ?

(ख) प्रस्तुत अनुच्छेद का केन्द्रीय विचार लिखिए।

(ग) जीवन पर विज्ञापन के व्यापक प्रभाव को लेखक ने किस प्रकार व्यक्त किया है ?

(घ) प्रस्तुत अनुच्छेद से **दो–दो** शब्द उर्दू और अंग्रेज़ी के छाँटकर लिखिए।

2. निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

जब भी
भूख से लड़ने
कोई खड़ा हो जाता है
सुंदर दीखने लगता है।
झपटता बाज
फन उठाए साँप,
दो पैरों पर खड़ी
काँटों से नन्हीं पत्तियाँ खाती बकरी
दबे पाँव झाड़ियों में चलता चीता,
डाल पर उल्टा लटक
फल कुतरता तोता,
या इन सब की जगह
आदमी होता।

(क) प्रस्तुत काव्यांश किस कविता से लिया गया है और इसके कवि का नाम क्या है ?

(ख) 'भूख' कविता का मूल स्वर क्या है ?

(ग) 'बकरी' और 'चीता' का प्रतीक स्पष्ट कीजिए।

(घ) प्रथम चार पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए।

3. गणेश शंकर विद्यार्थी द्वारा लिखित 'धर्म की आड़' निबंध का प्रतिपाद्य स्पष्ट करें।

अथवा

शशांक द्वारा लिखित कहानी 'घंटी' की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए। 5

4. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो बोलियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए : 5

ब्रज, अवधी, भोजपुरी, मैथिली

(ख) राष्ट्रभाषा और राजभाषा में क्या अंतर है ? 5

(ग) मानक लिपि से क्या अभिप्राय है ? स्पष्ट कीजिए। 5

5. (क) निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों में से किन्हीं पाँच का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्यों में प्रयोग करें :

(1) आँखों का तारा 5

(2) थोथा चना बाजे घना

(3) चोर–चोर मौसेरे भाई

(4) आसमान से गिरा, खजूर में अटका

(5) जहाँ चाह, वहाँ राह

(6) एड़ी चोटी का जोर लगाना

(7) न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी।

(8) सहज पके सो मीठा होय।

(ख) अपने महाविद्यालय में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रतिवेदन तैयार कीजिए।

अथवा

प्रतिवेदन तैयार करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? 5

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं पाँच को शुद्ध रूप में लिखिए – 5

(1) महादेवी वर्मा हिंदी की प्रसिद्ध कवि हैं।

(2) मैं, तुम और वह जा रहा है।

(3) उसको दो बेटियाँ हैं।

(4) तुम तुम्हारे घर जाओ।

(5) मेरे को यह पुस्तक अच्छी लगी।

(6) शायद वह आज अवश्य आएगा।

(7) लड़का चिट्ठी को पढ़ता है।

(8) नेताजी को एक फूलों की माला पहना दो।

6. चैक–बुक खो जाने पर बैंक प्रबन्धक को पत्र लिखिए।

अथवा

पुस्तक विक्रेता को पुस्तकें मँगवाने के लिए पत्र लिखिए। 10

7. किसी **एक** विषय पर लगभग **250–300** शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) मेरी प्रिय पुस्तक

(ख) भ्रष्टाचार : समस्या और समाधान

(ग) भारत में बढ़ती हुई महँगाई

(घ) विद्यार्थी और राजनीति ।